भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3436
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**केरल में पर्यटन परियोजनाएं**

**†3436. श्री कोडिकुन्नील सुरेशः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा केरल राज्य को आवंटित पर्यटन परियोजनाओं की कुल संख्या, परियोजनाएं और स्थानवार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं में से प्रत्येक की वर्तमान स्थिति सहित विकास के चरण और इसमें हुई किसी भी देरी या सामने आई चुनौतियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) केरल राज्य में पर्यटन विकास के लिए आवंटित कुल धनराशि कितनी है और अब तक इन निधियों का किस तरह से उपयोग किया गया है;

(घ) क्या सरकार के पास उक्त राज्य में रिसॉर्ट, इको-टूरिज्म सुविधाएं, विरासत स्थलों जैसी नई पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं के लिए कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त राज्य को एक शीर्ष पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से सतत और जिम्मेदार पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करते हुए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(च) सरकार इन परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केरल राज्य सरकार और स्थानीय हितधारकों के साथ किस तरह से सहयोग कर रही है; और

(छ) केरल के लिए नियोजित आगामी पर्यटन परियोजनाओं की स्थिति क्या है, साथ ही उनके शुरू होने और पूरा होने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (छ): देश में पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों /संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय संबंधित योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, संबंधित योजनाओं के तहत निधियों की उपलब्धता आदि के आधार पर पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को

सम्पूरित करता है। मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' योजना के तहत, केरल राज्य में क्रमश 5 परियोजनाएं एवं 1 परियोजना स्वीकृत की हैं।

मंत्रालय ने अब देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और एसडी 2.0 के तहत केरल राज्य में 1 परियोजना को मंजूरी दी है। पर्यटन मंत्रालय ने "केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता" की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की अन्य योजना के तहत केरल राज्य में 6 परियोजनाएं भी स्वीकृत की हैं।

'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024-25 (एसएएससीआई)' के तहत राज्य सरकारों से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर, भारत सरकार ने हाल ही में केरल की 2 परियोजनाओं सहित देश में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में निधियां योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार किस्तों में जारी/प्राधिकृत की जाती हैं और संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उसका उपयोग किया जाता है। बाधक मुद्दों का हल करने और परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करता है।

पर्यटन मंत्रालय पर्यटन के स्थाई और जिम्मेदारीयुक्त विकास के लिए केरल सहित देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। ये संवर्धनात्मक कार्यकलाप मंत्रालय के विभिन्न प्रयासों के माध्यम से किए जाते हैं, जिनमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों, सोशल मीडिया हैंडल, वेबसाइट, कार्यक्रमों आदि में संवर्धन शामिल हैं।

केरल राज्य में स्वदेश दर्शन, प्रशाद, एसडी 2.0, केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता और एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाएं एवं उनकी स्थिति का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा केरल में पर्यटन परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3436 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में **विवरण**

**केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची: -**

**(करोड़ रू. में)**

| क्र. सं. | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई /प्राधिकृत राशि | वास्तविक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इको परिपथ 2015-16 | पथ्थनमथिट्टा- गावी- वागामोन- थेक्कडी का विकास | 64.08 | 64.08 | पूर्ण |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली-पंपा- सन्निधानम का विकास | 46.54 | 33.39 | पूर्ण |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास | 78.08 | 73.77 | पूर्ण |
| 4. | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 45.88 | पूर्ण |
| 5. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरी श्रीनारायण गुरु आश्रम- अरुवीपुरम- कुन्नुमपाराश्री सुब्रहमणिया- चेम्बाझंती श्रीनारायणगुरुकुलम का विकास | 66.42 | 42.01 | कार्यान्वयन के अधीन (पर्यटन मंत्रालय ने परियोजना कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए संबंधित से अनुरोध किया है) |

**केरल राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची: -**

| क्र. सं. | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत (करोड़ रू. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुमाराकोम | कुमाराकोम पक्षी अभयारण्य | 2023-24 | 13.92 | स्वीकृत (कार्य सौंपे जाने के एक वर्ष के भीतर |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | एक्सपीरियंस | | | एक्सपीरियंस विकसित किया जाना है) |

**केरल राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची: -**

**(करोड़ रू. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत** | **जारी की गई राशि** | **वास्तविक स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | पूर्ण |

**केरल राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)** | **जारी की गई राशि (करोड़ रू. में)** | **वास्तविक स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2016-17 | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर वॉकवे /सैरगाह का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 9.01 | 8.26 | पूर्ण |
| 2. | 2016-17 | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 21.41 | 19.13 | पूर्ण |
| 3. | 2016-17 | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा साई त्रिवेन्द्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | भारतीय खेल प्राधिकरण | 24.65 | 12.32 | पूर्ण |
| 4. | 2018-19 | कोचिन पोर्ट क्रूज टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1.21 | 1.14 | पूर्ण |
| 5. | 2018-19 | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 4.66 | 4.66 | पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | | | | |
| 6. | 2019-20 | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 10.29 | 8.89 | पूर्ण |

**केरल राज्य में एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची: -**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **लागत (करोड़ रू. में)** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अष्टमुडी जैव विविधता और पर्यावरण-मनोरंजन हब, कोल्लम | 59.71 | 2024-25 | स्वीकृत (अधिकतम दो (2) वर्ष की अवधि के भीतर विकसित और पूरा किया जाना है) |
| 2. | सरगालय: मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 | 2024-25 | स्वीकृत (अधिकतम दो (2) वर्ष की अवधि के भीतर विकसित और पूरा किया जाना है) |

*******